हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

प्रैस नोट

सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा मार्च–2020 के प्रमाण–पत्र/ कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन दिनांक 01.09.2020 व 02.09.2020 को वितरित किए जाएंगे।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा मार्च–2020 में आयोजित करवाई गई सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा के विद्यालयी परीक्षार्थियों के प्रमाण–पत्र/कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालय में दिनांक 01.09.2020 को भेजे जाएंगे।

प्रदेश के सभी सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी विद्यालय के मुखियाओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने विद्यालय के प्रमाण–पत्र/कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन दिनांक 01.09.2020 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक तथा 02.09.2020 को प्रातः 09:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय या उन द्वारा निर्धारित स्थान से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा नियुक्त कर्मचारी से प्राप्त करेंगे। चरखी दादरी जिले के प्रमाण–पत्र/कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन खण्ड शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी (BEO, Charkhi Dadri) के कार्यालय में वितरित किए जाएंगे तथा भिवानी जिले के प्रमाण–पत्र/कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी मुख्यालय के अध्यापक भवन (Teacher Home) में वितरित किए जाएंगे।

विद्यालय मुखिया यदि स्वयं प्रमाण–पत्र/कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो अपने विद्यालय के अध्यापक अथवा प्राध्यापक को इस कार्य के लिए प्राधिकृत करेंगे, जिस अध्यापक अथवा प्राध्यापक को विद्यालय मुखिया द्वारा प्राधिकृत किया जाता है वे अपने साथ प्राधिकरण–पत्र अवश्य लेकर आएं अन्यथा उनको प्रमाण–पत्र/कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन नहीं दिए जाएंगे।

यदि कोई विद्यालय किन्हीं अपरिहार्य कारणों से अपने विद्यालय के प्रमाण–पत्र/कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निर्धारित तिथियों में प्राप्त नहीं कर पाते हैं, तो उस अवस्था में निर्धारित तिथियों उपरान्त हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी से किसी कार्य दिवस में प्राप्त करेंगें, जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी विद्यालय मुखिया की होगी।

कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए ही सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा मार्च–2020 के प्रमाण–पत्र/कम्पार्टमैन्ट/अनुत्तीर्ण कार्ड तथा माईग्रेशन वितरण का कार्य करवाया जाएगा।

सचिव